सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 1 | अंक 23 | अजमेर, शनिवार 25 मई 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

# लू के थपेड़ों से जिंदगी की जंग हार है जाते हैं डेढ़ लाख से अधिक लोग

बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देश चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ.साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपनए जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या.क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है। हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रैल में रिकॉर्ड की गई है। प. बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरणए पेड.पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है।

# अब तक हुए चुनाव में भाजपा व राजग को बहुमत-मोदी

## लोकसभा चुनाव 2024

मंडी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि देश में अब तक हुए पांच चरणों में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत से ज्यादा सीटें मिल चुकी हैं। मोदी ने कहा कि अब इसमें हिमाचल की चार सीटें जुड़ जाएंगी तो सोने पर सुहागा हो जाएगा। मैं देख रहा हूं कि हिमाचल फिर एक बार 4.0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है। देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। मोदी ने शुक्रवार को हिमाचल के मंडी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के जिस शाही परिवार ने हिमाचल को धोखा दिया उसने फिर मुड़कर यहां अपनी शक्ल नहीं दिखाई है।मोदी ने कहा की पालमपुर यहां से ज्यादा दूर नहीं है। आज याद दिलाना चाहता हूं कि पालमपुर में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक थी उसमें जो निर्णय हुआ था उससे एक इतिहास रचा गया था। इसी अधिवेशन में भाजपा ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। यानी हिमाचल राम मंदिर के निर्माण की संकल्प भूमि है। हिमाचल में लिया गया वो ऐतिहासिक संकल्प सिद्ध हो चुका है। उन्होंने कहा कि 500 साल अविरत संघर्ष चला जिसमें लाखों लोगों ने शहादत दी। उन्होंने कहा कि ये इंतजार खत्म किया है आपके एक वोट नेए आपके वोट की ताकत के कारण आज अयोध्या में रामलला विराजमान हुए। हिमाचल खुश हुआ है देवी.देवता आशीर्वाद बरसा रहे हैं। लेकिनए रामलला के विराजने से कांग्रेस खुश नहीं है। अगर आपके एक वोट ने मोदी की ताकत नहीं बढ़ाई होती तो कांग्रेस



कभी राम मंदिर नहीं बनने देती। उन्होंने कहा आपने दशकों तक कांग्रेस का शासन देखा हैए कांग्रेस को ऐसा भारत पसंद है जहां गरीबी हो संकट हो नागरिक समस्याओं से घिरे हों। इसलिए वो देश में पुराने हालात वापस लाना चाहती है। वो देश के विकास में रिवर्स गीयर लगाना चाहती है। इसलिए कांग्रेस कह रही है कि अगर हम सत्ता में आएंगे तो 370 वापस लाएंगे व सीएए को खत्म करेंगे। कांग्रेस के साथी तो कह रहे हैं कि हम देश के परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। मोदी ने समान नागरिक संहिता का संकल्प लिया है भारत का नागरिक भले ही वो हिंदू हो, मुस्लिम होए सिख हो ईसाई हो बौद्ध हों उनके लिए एक समान नागरिक कानून होने चाहिए। लेकिन कांग्रेस समान नागरिक संहिता का विरोध कर रही है। कांग्रेस मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहाने शरिया को समर्थन देती है।

इस देश को वह नहीं बना सकते जो सिर्फबाप.दादा की विरासत पर ही जीते हैं। इस देश को वो बनाएंगे जो मिट्टी से उठकर पहाड़ जितनी ऊंचाइयां छूते हैं। इसलिए आज भारत का भविष्य हमारे स्टार्ट अप्स शुरु करने वाले नौजवान हैं स्पेस में अपनी सैटेलाइट भेजने वाले नौजवान हैं खेतों में ड्रोन उड़ा रही बेटियां हैं लड़ाकू विमान उड़ा रही बेटिया हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस उसी दकियानूसी सोच में डूबी हुई है। आपने देखा है कि अपने दम पर सफलता हासिल करने वाली बेटियों को कांग्रेस क्या बोलती है कांग्रेस ने मंडी का नाम लेकर कंगना रनौत ;स्थानीय भाजपा उम्मीदवार जी के लिए जो भद्दी बातें कही हैं वह मंडी का अपमान है छोटी काशी का अपमान है हिमाचल के अपमान है हिमाचल की हर बेटी का अपमान है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस 21वीं सदी में आ ही नहीं पाईए लोग आगे बढ़ते हैं कांग्रेस उल्टा चलती है। ये 20वीं सदी की तरफजा रही हैए कांग्रेस का शाही परिवार घोर बेटी.विरोधी है कांग्रेस महिला विरोधी है। हिमाचल में बौद्ध धर्म के महत्वपूर्ण स्थान हैं कांग्रेस की सरकार तो इतनी डरपोक थी कि दलाई लामा जी का नाम लेने से भी डरती थी। मेरी तो दलाई लामा जी से अक्सर बात होती हैए वो हमारी समृद्ध विरासत के प्रणेता हैं। भारत बुद्ध का देश है और मोदी सरकार ने ज़ोर शोर से अपनी इस विरासत का प्रचार प्रसार किया है।मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हिमाचल को बर्बादी के रास्ते पर ले जा रही है इसलिए इसे रोकना जरूरी है। हिमाचल को कांग्रेस के शिकंजे से निकालने के लिए मुझे आपका साथ चाहिए। मैं हिमाचल की जनता से आग्रह करूंगा कि यहां विधानसभा उप.चुनाव में भी सभी छह सीटें भाजपा को जिताएंए हिमाचल के भविष्य सुनिश्चित करें।

भाजपा की इस महा रैली में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक है जब इतना बड़ा जन सैलाब मोदी की रैली में उभरा। इससे साफ दिखता है की देश में प्रदेश में और मंडी में मोदी मैजिक कायम है। एक बार फिर हिमाचल में चार की चार और देश में भाजपा 400 पार। इस अवसर पर भाजपा मंडी प्रत्याशी कंगना रनौत उपस्थित रहीं और मोदी के साथ जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# स्वाति मालीवाल से मारपीट, कोर्ट ने बिभव कुमार को जेल भेजा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तीस हजारी ने अदालत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को शुक्रवार को चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार बिभव कुमार की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया। अदालत में सुनाव के दौरान दिल्ली पुलिस ने बिभव कुमार की चार दिन की न्यायिक हिरासत मांगी जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और उन्हें 28 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।उल्लेखनीय है कि पुलिस ने बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में 18 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास से गिरफ्तार किया था। इस मामले में आरोपी बिभव कुमार ने जांच के दौरान जब्त किए गए डीवीआर की सुरक्षा और उसे रिकॉर्ड पर रखने के लिए एक आवेदन दायर किया है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को यहां भीषण गर्मी से त्रस्त पक्षियों और छोटे जीवजंतुओं के लिए परिंडे बांधे। दिया कुमारी ने जयपुर में विद्याधर नगर के झोटवाड़ा में वार्ड संख्या 40 के गणेश मंदिर पार्क में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हर साल गर्मियों में तापमान बढता जा रहा है ऐसे में यह हम सब की जिम्मेदारी है कि नीरीह पक्षियों और जानवरों के लिए भी पीने के पाने की व्यवस्था हो।उन्होंने लोगों से अपील भी की कि क्षेत्रवासी इन परींडो के माध्यम से रोज पक्षियों को पानी उपलब्ध करवाए और पुण्य प्राप्त करे। इस अवसर पर उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को तुंरत समाधान करने के निर्देश भी दिए।

# देवनानी ने कविता संग्रह का किया विमोचन

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में रेखा शर्मा के कविता संग्रह वातुल मन का विमोचन किया। देवनानी ने शर्मा को इस रचनात्मक प्रयास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रथम प्रति पर हस्ताक्षर किए। शर्मा ने देवनानी को बताया कि इस कविता संग्रह में 77 कविताओं का संकलन है। लोक जीवन एवं लोक संस्कृति के विभिन्न पहलुओं और मानवीय संवेदनाओं पर मानव मन के भावों को शब्दों में उकेरा गया है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल से महंत महेंद्र दास ने की मुलाकात



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष गुरुदेव नृत्य गोपालदास महाराज के शिष्य महंत महेंद्र दास महाराज ने शुक्रवार को यहां मुलाकात की। शर्मा से महंत महेंद्र दास महाराज की यह शिष्टाचार भेंट थी। महंत महेंद्र दास ने शर्मा को अयोध्या पधारने का आमंत्रण दिया।

# ग्राम विकास अधिकारी 12 हजार रुपए रिश्वत लेते अरेस्ट

बाड़मेर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ,एसीबी ने बाड़मेर जिले की कुंदनपुरा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी शंकर लाल मीणा एवं ई मित्र संचालक सुभान खान को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते शुक्रवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की बाड़मेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मनरेगा कार्यों में श्रमिकों की उपस्थिति भरकर श्रम राशि पारित करने की एवज में ग्राम विकास अधिकारी 12 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं। मेहरड़ा ने बताया कि शिकायत का सत्यापन के बाद ब्यूरो टीम ने आरोपी शंकर लाल मीणा तथा दलाल एवं ई मित्र संचालक सुभान खान को परिवादी से 12 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## डीग में अश्लील वीडियो बनाकर लाखों की ठगी के आरोपी अरेस्ट

भरतपुर। राजस्थान में डीग जिले के मेवात क्षेत्र में सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को फंसाने और वीडियो डिलीट करने की एवज में लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में पांच साइबर ठगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रेंज में जारी ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत सीकरी थाना पुलिस डीएसटीए क्यूआरटी एवं रेंज स्पेशल टीम की संयुक्त कारवाई में ठगी करने के आरोपी तोहिद खान 22 वारिस 21 आरिफ खान ;21 वसीम 22 और अरबाज 22 गिरफ्तार करके उनके कब्जे से नौ मोबाइल फोन, छह बैंक पासबुक, दो एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक पेटीएम कार्ड, एक ट्रैक्टर, दो मोटर साइकिल व 76 हजार रुपए नकद बरामद किए।

## पटना में विधवा से रेप कर प्रेगनेंट करने के दोषी वृद्ध को सजा

पटना। बिहार में पटना की एक सत्र अदालत ने बलात्कार मामले में आज एक 65 वर्षीय वृद्ध को 10 वर्षों के कठोर कारावास के साथ पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ;प्रथम संगम सिंह ने मामले में सुनवाई के बाद पटना जिले के अथमलगोला थाना क्षेत्र स्थित राजपुरा गांव निवासी नागो राय को भारतीय दंड विधान की धारा 376 के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। इसके अलावा अदालत ने पीड़िता को मुआवजा देने की अनुशंसा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से की है।मामले की अपर लोक अभियोजक सरोज कुमारी ने बताया कि दोषी ने वर्ष 2004 में अपने ही गांव की एक विधवा के साथ बलात्कार किया और बाद में उसे शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब वह गर्भवती हो गई तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। अभियोजन ने आरोप साबित करने के लिए इस मामले में सात गवाहों का बयान अदालत में कलमबंद करवाया था।

## हरियाणा के अंबाला में बस.ट्रक की टक्कर से सात लोगों की मौत

अंबाला। हरियाणा में अंबाला.दिल्ली.जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार तड़के ट्रक



और मिनी बस की टक्कर से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई तथा 20 से अधिक अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना अंबाला कैंट के पास मोहरा गांव में आज तड़के उस समय हुईए जब उत्तर प्रदेश से बस में सवार करीब 30 यात्री जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक ने मिनी बस को टक्कर मार दीए जिसमें एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। घायलों को अंबाला कैंट सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रकिया में बदलाव, 1 जून से लागू

नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए नियमों में बदलाव किया है।मंत्रालय ने इस संबंध में जारी एक अधिसूचना में कहा है कि नए नियम एक जून से लागू होंगे। नए



नियमों को सरल बनाया गया है ताकि लाइसेंस हासिल करने में लोगों को दिक्कत ना हो। नये नियम के तहत लाईसेंस लेने के लिए आरटीओ ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता नहीं है।सरकार ने कहा है कि आवेदकों को अब आरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग टेस्ट देने की बजाय मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ही टेस्ट देना पड़ेगा। यदि आवेदक इन स्कूलों में परीक्षा उत्तीर्ण करता है तो उन्हें प्रमाण पत्र आरटीओ में दिखाना होगा और फिर परीक्षण दिए बिना वे ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकेंगे।मंत्रालय ने कहा है कि बिना लाइसेंस के कार चलाने पर जुर्माना 2000 तक हो सकता है। नाबालिगों के मामले को गंभीर दंडनीय बताते हुए मंत्रालय ने कहा कि इसके लिए 25000 का जुर्माना और माता.पिता के खिलाफ कारवाई के साथ ही वाहन का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किया जाएगा।वाहनों से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचने के लिए मंत्रालय ने 9000 पुराने सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने और अन्य वाहनों के लिए उत्सर्जन मानकों को बढ़ाने की योजना बनाई है। ये उपाय वाहन प्रदूषण को कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों अपनाने को बढ़ावा देने की रणनीति के तहत किया है।

# प्रताप गौरव केन्द्र: राष्ट्रप्रेम के रंगों से सजेगा महाराणा प्रताप जयंती महोत्सव

उदयपुर। प्रताप गौरव केन्द्र राष्ट्रीय तीर्थ में प्रातःस्मरणीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया पर 9 जून को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजनों के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष जयंती पर चार दिवसीय आयोजन होंगे जो 6 जून से शुरू होंगे। इस बार के आयोजनों में विभिन्न विषयों की पांच कार्यशालाओं सहित राष्ट्र सभा कवि सम्मेलन भी शामिल होंगे। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष डॉ.बीपी शर्मा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर 8 जून को शाम साढ़े पांच बजे जयंती समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम होगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल मुख्य वक्ता होंगे।

कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आग्रह पत्र भेजा गया है। 9 जून को जयंती पर आयोजनों का आरंभ महाराणा प्रताप की विशाल बैठक प्रतिमा के दुग्धाभिषेक से होगा। दस बजे से शाम तक विभिन्न कार्यशालाओं की विशेष मास्टर कक्षाएं चलेंगी। शाम साढ़े पांच बजे विशाल सभा होगी जिसमें उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी मुख्य अतिथि होंगी। कार्यक्रम में ओजस्वी संतों का आशीर्वचन प्राप्त होगा।

समिति के मंत्री महावीर चपलोत ने बताया कि 8 जून को रात्रि 8.30 बजे स्टोरी टेलिंग कार्यक्रम होगा जिसमें जाने.माने रंगकर्मी विलास जानवेए मनीष शर्मा प्रस्तुति देंगे। अगले दिन 9 जून रात्रि 8 बजे वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें काव्य जगत के हस्ताक्षर हरिओम सिंह पंवार, राम भदावर, अशोक चारण, सुदीप भोला, अजात शत्रु, किशोर पारीक आदि अपनी ओजस्वी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 6 जून से 8 जून तक पांच कार्यशालाएं होंगी। इनमें चित्रकलाए प्राचीन लिपि.भाषा पठन, स्टोरी टेलिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग और कम्युनिकेशन स्किल.पर्सनल डवलपमेंट .लाइफस्किल विषय शामिल किए गए हैं। इन कार्यशालाओं में जाने.माने हस्ताक्षर प्रशिक्षण देंगे।चित्रकला को छोड़कर अन्य चारों कार्यशालाएं प्रतिदिन तीन घंटे की रहेगी। दो विषयों की कार्यशाला सुबह 9 से 12 बजे के सत्र में तथा दो विषयों की कार्यशाला दोपहर 2 से 5 बजे के सत्र में रहेगी। चित्रकला की कार्यशाला पूरे दिन की रखी गई है। 9 जून को इन सभी कार्यशालाओं की मास्टर क्लास होगी जिनमें जानी.मानी सेलिब्रिटीज प्रतिभागियों को विषय की बारीकियों से अवगत कराएंगी।

इन कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 10वीं उत्तीर्ण या 15 वर्ष की आयु का होना चाहिए। कार्यशालाएं निःशुल्क रहेंगी और पंजीकरण ऑनलाइन कराना होगा जो 23 मई से शुरू हो जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी दो विषयों की कार्यशाला में ही भाग ले सकेंगे। सक्सेना ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रताप गौरव केन्द्र की आकर्षक सज्जा भी की जाएगी और यहां आने वाले दर्शकों को दो दिन 8 व 9 जून को शुल्क में भी छूट प्रदान की जाएगी। दो दिन शुल्क 50 रुपए ही रहेगा। शाम के आयोजनों के कारण दोनों दिन वाटर लेजर शो स्थगित रहेगा। सभी आयोजनों में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

## कोटा में चलती बाइक पर अश्लील हरकत करने वाला युगल अरेस्ट

कोटा। राजस्थान में कोटा के नांता थाना क्षेत्र में पुलिस ने चलती मोटर साइकिल पर अश्लील हरकत करने वाले युवक.युवती को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ;शहर डॉ अमृता दुहन ने बताया कि सोशल मीडिया पर बुधवार को एक चलती मोटर साइकिल पर अश्लील हरकत करने वाला वीडियो वायरल हो रहा था जिसे कोटा पुलिस ने गंभीरता से लेते हुये इस वीडियो की जांच.पडताल शुरू की तो पता चला कि वीडियो कोटा.बूंदी रोड़ पर रात में हर्बल पार्क के सामने बनाया गया है।उन्होंने बताया कि मोटर साइकिल के नम्बर के आधार पर कोटा के नांता थाना पुलिस ने मामला दर्ज करके तलाश शुरू की और गुरूवार को कोटा के नजदीक कैथून नगर की पुरानी नगर पालिका के पास के निवासी मोटर साइकिल चला रहे युवक मोहम्मद वसीम ;25 और उसकी महिला मित्र को गिरफ्तार कर लिया।

# हरदोई में कार बनी आग का गोला युवा दंपती जिंदा जले

हरदोई। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के सांडी क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक कार में आग



लगने से युवा दंपती की जिंदा जल कर मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली शहर के मोहल्ला रद्धेपुरवा रोड निवासी आकाश पाल 30 अपनी कार से पत्नी कीर्ति 23 को बीए की परीक्षा दिलाने सांडी आए हुए थे। शाम करीब सवा चार बजे के बाद वह दोनों कार में सवार होकर वापस हरदोई आ रहे थे। चलते चलते कार में सांडी हरदोई रोड पर बघराई गांव के निकट गौशाला के पास आग लग गयी जिसके बाद कार सड़क के किनारे खड़े एक पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गई।

टक्कर इतनी तेज हुई कि कार घूम कर फिर सांडी की ओर खड़ी हो गई और पूरी कार में आग लग गई। जब तक कार में सवार दंपती उतर कर बाहर आ पाते तब तक कार पूरी तरह से आग का गोला बन गई ग्रामीणों ने दमकल को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक पुलिस और ग्रामीण सड़क के किनारे मिटटी खोदकर आग बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन जब तक आग बुझाई गई तब तक दोनों की कार के अंदर जिंदा जलकर मौत हो गई।

# बारां में नाबालिग पुत्री से रेप के मामले में सौतेले पिता को उम्रकैद

बारां। राजस्थान के बारां में विशेष न्यायालय पोक्सो क्रम.2 की न्यायाधीश सोनिया बेनीवाल ने बुधवार को नाबालिग सौतेली पुत्री के साथ दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को जीवनकाल की अंतिम सांस तक कारावास की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक हरिनारायण सिंह ने बताया कि पीड़िता ने अपनी बड़ी मम्मी और मामा के साथ थाना छबड़ा में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया था कि वह तीन वर्ष की थीए तब उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। उसकी माता ने आठ वर्ष पूर्व केदार सिंह के साथ नाता विवाह कर लियाए जिससे वह तथा छोटा भाई उसकी मम्मी के साथ केदार सिंह के यहां रहने लग गए।

करीब 10 महीने पहले उसकी माता की भी बीमारी से मृत्यु हो गई उसकी माता के मरने के डेढ़ माह बाद रात को जब वह सो रही थीए तो उसके सौतेले पिता केदार सिंह उसके पास आकर लेट गया और



जबरदस्ती कीए मना करने पर भी नहीं माना। उसका सौतेला पिता आए दिन उसके साथ जबरदस्ती किया करता था। उस समय पीड़ित की उम्र 13 वर्ष थी। इस जबरदस्ती की शिकार से वह तीन माह की गर्भवती हो गई। उसने यह सभी बातें अपने मामा और अपनी बड़ी मम्मी को बताई।

उसके बाद उन्होंने इस आधार पर एक प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराईए जिस पर थाना छबड़ा ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की। अनुसंधान के बाद 13 मार्च 2023 को थाना छबड़ा पुलिस ने आरोपी मुलजिम केदार सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया।उल्लेखनीय है कि अभियोजन पक्ष की ओर से 15 गवाह के बयान न्यायालय में लेखबद्ध और 28 दस्तावेज प्रदर्शित कराए गए।

उन्होंने बताया कि 15 माह में हुए फैसले में इस प्रकरण में डीएनए रिपोर्ट महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित हुआए जिसमें पीड़िता के गर्भस्थ भ्रूण का मिलान उसके सौतेले पिता केदार से हुआ हैए जिससे केदार सिंह को यौन शोषण का दोषी मानते हुए उसके प्राकृत जीवनकाल तक आजीवन कारावास से दंडित किया। साथ ही अलग.अलग धाराओं में कुल दो लाख रुपए का जुर्माना भी किया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक हरि नारायण सिंह ने यह भी बताया कि पीड़िता को जुर्माना की राशि प्राप्त करने के अतिरिक्त पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत पीड़िता को 10 लाख रुपए अलग से देने की अनुशंसा की हैए जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बारां द्वारा पीड़िता को देने का निर्धारण करेगा।

# कैडबरी डेयरी मिल्क निर्माता पर यूरोपीय बाजारों में 36.6 करोड़ डॉलर का जुर्माना

लंदन। ओरियो और कैडबरी डेयरी मिल्क चॉकलेट बनाने वाली कंपनी मोंडेलेज पर




कीमतों को ऊंचा रखने के लिए यूरोपीय संघ के देशों के बीच चॉकलेट कुकीज़ और कॉफी के व्यापार में बाधा डालने के लिए 36.6 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा प्रमुख मार्ग्रेट वेस्टेगर ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोंडेलेज़ ने अपने उत्पादों की ऊंची कीमतें बनाए रखने के लिए यूरोपीय संघ के भीतर अवैध रूप से सीमा पार बिक्री को सीमित कर दिया है। यह मामला किराने के सामान की कीमत के बारे में है। यह यूरोपीय नागरिकों के लिए एक प्रमुख चिंता का विषय है और स्पष्ट रूप से बहुत अधिक मुद्रास्फीति के समय मेंए जहां कई लोग जीवन.यापन के संकट में हैं। 2019 में मामले की जांच शुरू की थी और यूरोपीय आयोग ने पाया कि मोंडेलेज़ इंटरनेशनल ;एमडीएलजेड ने जानबूझकर सीमा पार व्यापार को प्रतिबंधित कर दिया था और चॉकलेट बार की बिक्री के लिए कुछ राष्ट्रीय बाजारों में अपनी प्रमुख स्थिति का दुरुपयोग किया था।रिपोर्ट में कहा गया है कि इसने 2021 में औपचारिक जांच शुरू की। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा ने बयान में कहा कि अन्य बातों के अलावा कंपनी ने बेल्जियम में आयात होने से रोकने के लिए नीदरलैंड में चॉकलेट बार की आपूर्ति बंद कर दी थीए जहां मोंडेलेज़ उन्हीं उत्पादों को उच्च कीमतों पर बेच रहा था।इसमें कहा गया है कि आयोग ने निष्कर्ष निकाला कि मोंडेलेज़ की अवैध प्रथाओं ने खुदरा विक्रेताओं को ;ईयू सदस्य राज्यों में कम कीमतों पर उत्पादों को स्वतंत्र रूप से प्राप्त करने में सक्षम होने से रोक दिया। मोंडेलेज़ इंटरनेशनल के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह ऐतिहासिक मामला इस बात का प्रतिनिधि नहीं है कि हम कौन हैं और अनुपालन की मजबूत संस्कृति जिसके लिए हम प्रयास करते हैं।

# शाहजहांपुर में होटल के कमरे में नर्स युवती से रेप के बाद हत्या

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के चौक कोतवाली क्षेत्र में स्थित होटल में एक युवती के साथ कथित रूप से दुष्कर्म कर उसकी गला दबा कर हत्या कर दी गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला केरूगंज चार खंभा रोड पर स्थित पिज़्ज़ा हब ;होटल में शुभम शुक्ला ने बृहस्पतिवार शाम को एक कमरा किराए पर लिया और प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली नर्स नैंसी सिंह ;22 को लेकर कमरे में चला गया। इसके बाद शुभम नीचे आया और होटल मालिक अभिषेक कश्यप से बाहर से खाना लाने की बात कहकर चला गया।उन्होंने बताया कि इसके बाद जब पिज़्ज़ा हव ;होटल का कर्मचारी ऊपर कमरे में पहुंचा तो वहां बाथरूम में नर्स का शव पड़ा था। गर्दन पर चोट के निशान थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी शुभम युवती को लेकर होटल में ले गया और वहां उसने दुराचार करने के बाद उसकी हत्या कर दी।मृतका युवती पीलीभीत जिले के थाना पूरनपुर की रहने बाली है। शाहजहांपुर में अपने मामा के घर रहकर एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम करती थी। मीणा ने बताया कि मृतका के परिजनों की ओर से दुराचार तथा हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमें बना दी गई हैं।




# बस की चपेट में आने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत

हनुमानगढ़। राजस्थान के हनुमानगढ़ में जंक्शन सिटी थाना क्षेत्र के मक्कासर गांव में शुक्रवार सुबह लोक परिवहन की बस की चपेट में आने से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।घटना से आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड़ कर बस में आग लगा दी और मृतक के शव को लेकर सड़क जाम कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ से सूरतगढ़ जा रही यह बस मक्कासर में साइकिल सवार बलकार सिंह को चपेट में ले लियाए जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक बलकार सिंह खेती करते थे। उनके दो बेटी और एक बेटा है। बेटा गुरप्रीत भी पिता के साथ खेती के काम में हाथ बंटाता



था।घटना के बाद लोगों ने बस में सवार अन्य यात्रियों को नीचे उतारा और तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी। लोगों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देनेए बस चालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मृतक के शव को लेकर सड़क जाम कर दी।सूचना पर तीन दमकल मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। ग्रामीणों के शव को लेकर सड़क पर बैठ जाने से लंबा जाम लग गया था। ग्रामीणों का कहना था कि वे लोक परिवहन की बस को मक्कासर से नहीं गुजरने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने बसों की स्पीड कम करनेए मृतक के परिवार को मुआवजा देने और बस ड्राइवर को तुंरत गिरफ्तार करने की मांग की।ग्रामीणों से बातचीत के बाद एसडीएम दिव्या चौधरी ने बताया कि मक्कासर गांव से लोक परिवहन की बसों के आवागमन को बंद रखने पर सहमति बनी है। स्पीड ब्रेकर बनाने और वाहनों की रफ्तार कम करवाने की मांग भी मान ली गई है। मृतक के परिवार को चिरंजीवी योजना और अन्य किसी तरीके से सरकार से सहायता दिलवानेए बस चालक पर कानून के तहत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने पर भी सहमति बनी है।

# प्रेगनेंट पत्नी का पेट फाड़ने के आरोपी 5 बेटियों के पिता को उम्र कैद

बदायूं। उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में 5 बेटियों के पिता को अपनी गर्भवती पत्नी का पेट फाड़ने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।विशेष लोक अभियोजक मुनेंद्र पाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव घोंचा निवासी गोलू पुत्र सुभाष चंद्र ने 19 सितंबर 2020 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि उसकी बहन अनीता की शादी शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी पन्नालाल के साथ हुई थी।अनीता ने शादी के बाद पांच बेटियों को जन्म दिया। इस कारण उसका पति पन्नालाल लगातार उसे प्रताड़ित करता था। घटना के समय अनीता आठ माह की गर्भवती थी कि पन्नालाल घर आकर अनीता से झगड़ने लगा कि तेरा पेट फाड़कर देखूंगा कि इसमें लड़का है या लड़की। इसके बाद पन्नालान ने अनीता का पेट हंसिया से फाड़ दिया जिससे अनीता की आंत बाहर आ गई और आठ माह के शिशु का गर्भपात हो गया।

बाद में पता चला कि वह शिशु लड़का ही था। गंभीर हालत में अनीता को बरेली स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने पन्नालाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। दोनों पक्षों की सुनवाई के पश्चात अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम सौरभ सक्सेना ने कल देर शाम पन्नालाल को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार का जुर्माना भी डाला गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में उसे छह माह का कारावास और भुगतना होगा। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत यह सजा मिली है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चार्टशीट दाखिल की गयी थीं जबकि डीजीपी के ऑपरेशन कंविक्शन के तहत इस मामले में अभियोजन विभाग से समन्वय करके समय से पुलिस की मॉनिटिरिंग सेल व पैरोकार कॉन्स्टेबल नितिन कुमार ने पैरवी की। गवाहों के बयान दर्ज कराए। विवेचक समेत घायल का इलाज करने वाले डॉक्टर की भी गवाही हुई। दोनों पक्षों की बहस सुनने साक्ष्य अवलोकन के बाद कोर्ट ने पन्नलाल को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 50 हजार रूपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# भाभी जी घर पर हैं के अभिनेता फ़िरोज़ खान का दिल का दौरा पड़ने से निधन

नई दिल्ली। प्रसिद्ध अभिनेता और मिमिक्री आर्टिस्ट फ़िरोज़ खान का गुरूवार को उत्तर प्रदेश के बदायूं में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस दिग्गज कलाकार के असामयिक निधन से उनके प्रशंसकों में शोक की लहर छा गई और वह सोशल मीडिया पर अपना शोक व्यक्त कर रहे है।यहां मिली जानकारी के अनुसार फिरोज खान कुछ दिनों से बदायूं शहर में थे और सोशल मीडिया के माध्यम के परफॉर्मेन्स दे रहे साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे थे। उन्होंने ने अपनी आखिरी प्रस्तुति 4 मई को मतदाता महोत्सव में बदायूं क्लब में दी थीए जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था।मेगास्टार अमिताभ बच्चन के हमशक्ल बन टीवी




और लोगों के बीच सुर्खियां बटोरने वाले आर्टिस्ट फिरोज खान को तड़के दिल का दौरा पड़ा और उन्हें पास का जिला अस्पताल में ले जाया गया थाए लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही वह इस दुनिया से चले गए।उन्होंने अमिताभ बच्चन का हमशक्ल बन उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। फिरोज खान धारावाहिक भाभी जी घर पर हैए हप्पू की उल्टन पलटनए जीजाजी छत पर हैं साहब बीवी और बॉस के अलावा शक्तिमान व अदनान सामी के सॉन्ग थोड़ी सी तू लिफ्ट करा दे में भी अभिनय किया। वर्ष 1975 में आई फिल्म दीवार देखने के बाद वह उससे इतनेज्यादा प्रभावित हुए की वह बिग बी की तरह के बोलने और चलने लगे थे।

# CDS Gen Anil Chauhan visits HQ Training Command of IAF in Bengaluru

Chief of Defence Staff (CDS) General Anil Chauhan visited the Training Command of the Indian Air Force (IAF) headquartered in Bengaluru, Karnataka on May 24, 2024. He was briefed about the role of the Command, optimisation of training activities and the challenges faced in improving its efficiency in order to enhance the overall operational preparedness of the IAF.The CDS addressed the functionaries of the command and lauded the efforts of all personnel towards creating synergy amongst the Services in conduct of the training. He also stressed upon the



need to further enhance the joint efforts to efficiently utilise the resources of the nation for better training. He urged all officers to continue exhibiting professional excellence towards bolstering the operational might of the country.Earlier, the CDS was received by Air Officer Commanding-in-Chief, Training Command Air Marshal Nagesh Kapoor.

## सरकार के आदेश से अजमेर नगर निगम के सफाई कर्मियों को राहत

अजमेर। राजस्थान में भीषण गर्मी एवं लू के मद्देनजर राज्य में सफाई कार्मिकों को एक पारी में कार्य करने संबंधी स्वायत्त शासन विभाग के आदेश से बड़ी राहत मिली है। अजमेर निगम के आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उपनिदेशक प्रशासन विनोद पुरोहित ने शुक्रवार को अत्यधिक गर्मी एवं लू को देखते हुए सफाई कर्मचारियों का कार्य समय दो पारियों के बजाय एक पारी में सुबह पांच से दस बजे तक करने के आदेश दिए। यह आदेश 30 जून तक प्रभावी रहेगा।

उन्होंने बताया कि अजमेर में सुबह से आदेश की पालना शुरू भी कर दी गई। यहां सभी 80 वार्डों में सफाई कर्मियों ने सुबह पांच से दस बजे तक की पारी में सफाई कार्य किया। उल्लेखनीय है कि सफाई कर्मी सुबह के अलावा सायंकालीन पारी में दोपहर तीन से पांच बजे तक भी सफाई कार्य करते रहे हैं लेकिन दोपहर में भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच सफाई करना मुश्किल हो रहा था।

## उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जैनाचार्य से लिया आशीर्वाद

अजमेर। राजस्थान के उप.मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को अजमेर जिले के किशनगढ़ में दिगम्बराचार्य जैन संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

उप-मुख्यमंत्री बैरवा किशनगढ़ में सिटी रोड स्थित जैन भवन में आचार्य 108 श्री सुनील सागर महाराज के दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ अजमेर सांसद एवं भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी भी थे। दोनों ने किशनगढ़ की पावन धरा पर मौजूद जैन मुनि से आशीर्वाद लिया।बैरवा ने कहा जैन धर्म में मुनि संतों की तपस्या बहुत कठिन होती है। उनके द्वारा अहिंसा का संदेश हमेशा ही समाज को मिलता है और उनके बताए मार्ग पर हम सबको चलने की आवश्यकता है। इस दौरान किशनगढ़ जैन समाज के पदाधिकारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# सेवा भारती अजमेर के सदस्यों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

अजमेर। सेवा भारती समिति अजमेर के अनेक सदस्यों ने बुधवार को आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत बेसिक लाइफ सपोर्ट तकनीक सीखी। मित्तल हॉस्पिटल के पेन फिजीशियन डॉ रोहिताश शर्मा ने कार्डियो पल्मोनरी रीससिटेशन यानी सीपीआर पद्धति का प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने हृदयघात होने बेहोश होकर गिरने अथवा सिर चकराने से गिर जाने की स्थिति में पीड़ित को तत्काल राहत संबंधित जानकारी दी।

मित्तल हॉस्पिटल की वाइस प्रेसीडेंट;ऑपरेशन डॉ विद्या दायमा की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला के दौरान हॉस्पिटल की क्वालिटी अधिकारी कविता लालवानी ;एनएबीएच असेसर एवं ऑफिसर फायर सेफ्टी दीपक भाटी ने अग्निशामक यंत्र का इस्तेमाल करना सिखाया। आईसीएन मारग्रेट डेनियल और आपात कालीन यूनिट नर्सिंग प्रभारी




रामवीर सिंह ने प्राकृतिक आपदा, सड़क दुर्घटना एवं अन्य हादसों में गंभीर घायलों को समुचित देखभाल के साथ उपचार के लिए हॉस्पिटल पहुंचाने से सम्बंधित सतर्कता विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पावर प्रजेंटेशन के जरिए प्रशिक्षणार्थियों को विस्तृत रूप से समझाया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने कहा कि कार्यशाला समाज के लिए उपयोगी एवं आपदा प्रबंधन में मददगार साबित होगी। सेवा भारती चित्तौड़ प्रांत के आपदा प्रबंधन आयाम के प्रमुख मोहनलाल खण्डेलवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन कार्यशाला निश्चित ही बहुत उपयोगी साबित होगी। कार्यशाला में सीखी तकनीक के इस्तेमाल से आपात स्थिति में किसी एक व्यक्ति का जीवन जोखिम से बाहर लाने में मददगार हो गए तो वही इस कार्यशाला का असली प्रशस्ति पत्र होगा।

खण्डेलवाल ने कहा मानव शरीर ही आपदाओं का पिटारा है। हमें स्वयं को नियमित और संयमित रखते हुए बहुत सी आंतरिक आपदाओं से भी बचाव करते रहना चाहिए। खण्डेलवाल ने इस मौके पर प्रशिक्षण देने वाले मित्तल हॉस्पिटल की टीम हॉस्पिटल प्रबंधन सुनील मित्तल, डॉ दिलीप मित्तल एवं मनोज मित्तल को स्मृति चिंह देकर आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षणार्थियों को सेवा भारती की ओर से प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

सेवा भारती समिति अजमेर महानगर मंत्री जितेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस कार्यशाला में सेवा भारती के एक सौ के करीब सदस्य प्रकल्प प्रमुख शिक्षक, एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में सेवा भारती के अजमेर महानगर अध्यक्ष घनश्याम डाणी, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, महानगर सहमंत्री बृजेश शर्मा, शिक्षा आयाम प्रमुख गोपाल सिंह कुशवाह, चिकित्सा आयाम प्रमुख सुरेश दाधीच सहित समस्त सेवा भारती सदस्य उपस्थित रहे।

## नरेगा का समय सुबह 5.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक

अजमेर। अजमेर जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय सुबह 5.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक विश्रामकाल रहित निर्धारित किया गया है। कलक्टर डॉ.भारती दीक्षित ने बताया कि यदि कोई श्रमिक एनएमएमएस से उपस्थिति दर्ज कराने के पश्चात समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो व कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्ट्ररोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरान्त सुबह 10.30 बजे पश्चात एनएमएमएस की निर्धारित प्रक्रिया अनुसार दूसरी पारी की हाजिरी अंकन उपरान्त एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर के उपरान्त कार्य स्थल छोड़ सकता है। यह व्यवस्था आगामी 15 जुलाई तक प्रभावी रहेगी।

## अजमेर में जल वितरण व्यवस्था दूर नहीं नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी

अजमेर। राजस्थान में अजमेर शहर कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जूझ रहे अजमेर में सात दिनों में व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर जन आन्दोलन करेगी।अजमेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन व पूर्व विधायक डॉ श्रीगोपाल बाहेती के नेतृत्व में कांग्रेस के शिष्टमंडल ने गुरुवार को अजमेर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवराज सोलंकी को ज्ञापन देकर सात दिनों में व्यवस्था सुधारने की चेतावनी देते हुए कहा कि जल व्यवस्था नहीं सुधरी तो उनके खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। शहर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बीसलपुर बांध का निर्माण अजमेर के लिए किया गया था लेकिन अब अजमेर की जनता के साथ राज्य सरकार सौतेला व्यवहार करते हुए



जयपुर सहित अन्य जिलों को भी पानी की आपूर्ति कर रही है। इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि अजमेर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा चुकी है। भीषण गर्मी में भी अजमेर शहर में 48 से 96 घंटे के अंतराल में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। चार दिनों के अंतराल में भी 15 से 20 मिनट की अवधि के लिये अति धीमी गति से पेयजल आपूर्ति किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में कहा गया है कि अजमेर के कुछ क्षेत्रों में तो सात से 10 दिन के अंतराल पर पानी की आपूर्ति की जा रही हैए जिससे अजमेर में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची है। मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा हाल ही में बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं इसके बावजूद भी अजमेर के अभियंता मुख्यमंत्री की बात भी सुनने को तैयार नहीं है।

# गुजराती स्कूल के टॉपर छात्रों को दी 11-11 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि

## छात्रों की सफलता के पीछे शिक्षकों की बडी भूमिका- मनोज बेहरवाल, गुजराती उच्च माध्यमिक विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत

अजमेर। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकंडरी परीक्षा में गुजराती उच्च माध्यमिक विद्यालय का कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुछ छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठतम अंक प्राप्त किए। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का मंगलवार को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज बेहरवाल ने कलाए विज्ञान और वाणिज्य में परिणाम शत प्रतिशत रहने पर तथा उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जब हम अच्छे नंबर या कोई उपलब्धि हासिल करते हैं तो हमें परिवार समाज की ओर से भी सम्मान प्राप्त होता है। छात्रों की सफलता से स्कूल का नाम तो रोशन होता साथ ही समाज भी आपको आशा भरी दृष्टि से देखता है। उन्होंने कहा कि जब स्कूली शिक्षा समाप्त होती है ओर हम उच्च अध्ययन के लिए महाविद्यालयों अथवा



### सम्मान के साथ मिली प्रोत्साहन राशि

विज्ञान वर्ग में पूजा लोचन ने 97 प्रतिशत अंक व कला वर्ग में शोभित बाकलीवाल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप रहे। इसी तरह वाणिज्य वर्ग में रोहित सांखला ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष केएल शर्माए सचिव नितिन कुमार मेहता, सह सचिव राजेश भाई अंबानी ने 11-11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

अन्य किसी शिक्षण संस्थान में प्रवेश लेने जाते हैं तो स्कूल स्तर पर की गई कडी मेहनत हमें अग्रिम पंक्ति में स्थान दिलाती है। उन्होंने कहा कि हमारी सफलता के पीछे शिक्षकों की बडी भूमिका होती है। शिक्षक आपके सपनों को सच करने पूरी क्षमता के साथ मार्गदर्शन प्रदान करता है। वह चाणक्य की भांति योग्य की तलाश करता है उसे तराशता है। यह हमारी भारतीय संस्कृति का मूल आधार है। विशिष्ट अतिथि जनसंपर्क अधिकारी संतोष प्रजापति ने छात्रों की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों व विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत को मूल आधार बताया। उन्होंने कहा कि घर और स्कूल दोनों ही स्थान ऐसे हैं जहां बच्चों के भविष्य की नींव पडती है। प्रधानाचार्य सुनीता शर्मा ने उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए शिक्षकों व सहयोग के लिए विद्यालय प्रबंध समिति तथा आगंतुक अतिथियों का आभार जताया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)